झारखण्ड़ राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्

JHARKHAND STATE POLLUTION CONTROL BOARD

T.A Division Building (Ground Floor) HEC Campus, Dhurwa, Ranchi- 834004.

Phone No:-0651- 2400852, 2400851, Fax No:- 2400850..

पत्रांक.................... राँची, दिनांक..................

प्रेषक,

संजय कुमार सुमन,
सदस्य सचिव

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग,
झारखंड सरकार, राँची।

विषयः झारखण्ड़ राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् का एक सूचना प्रकाशन के सम्बन्ध में ("विश्व पर्यावरण दिवस" 5 जून 2016 के अवसर पर पुरस्कार हेतु आवेदन का आमंत्रण)

महाशय,

उपयुर्क्त विषय के प्रसंग में इस पर्षद से संबंधित संलग्न सूचना को निम्नलिखित स्थानीय समाचार पत्रों में जो पूरे झारखण्ड राज्य में पढ़ा जा सके, दर्शाये गये तिथि के अनुसार डी०ए०भी०पी० दर पर प्रकाशन कराया जाय। विज्ञापन सामग्री की एक प्रति पत्र के साथ संलग्न की जा रही है ।

1. हिन्दुस्तान, **झारखण्ड** संस्करण — एक दिन प्रकाशन तिथि **14.05.2016**
2. प्रभात खबर, **झारखण्ड** संस्करण — एक दिन प्रकाशन तिथि **14.05.2016**
3. दैनिक जागरण, **झारखण्ड** संस्करण — एक दिन प्रकाशन तिथि **14.05.2016**
4. दैनिक भास्कर, **झारखण्ड** संस्करण — एक दिन प्रकाशन तिथि **14.05.2016**
5. हिन्दुस्तान टाईम्स, **झारखण्ड** संस्करण — एक दिन प्रकाशन तिथि **14.05.2016**
6. टाईम्स ऑफ इण्डिया, **झारखण्ड** संस्करण — एक दिन प्रकाशन तिथि **14.05.2016**

अतः अनुरोध है कि कृपया दर्शाये गये तिथि को (प्रथम एवं अंतिम पृष्ट को छोड़कर) न्यूनतम आकार में उपरोक्त दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन सुनिश्चित कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,

अनु0 यथोपरि।

ह0/–
संजय कुमार सुमन,
सदस्य सचिव

ज्ञापांक......B – 2857 राँची, दिनांक....12/5/16

प्रतिलिपिः सभी क्षेत्रीय पदाधिकारी/पर्षद विश्लेषक, केन्द्रीय प्रयोगशाला, राँची/लेखाशाखा, मुख्यालय राँची/वेवसाईट को विज्ञापन की एक प्रति सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। सभी क्षेत्रीय पदाधिकारियों को निदेशित किया जाता है कि संलग्न सूचना संबंधित के बीच प्रचारित किया जाय ।

अनु0 यथो0

संजय कुमार सुमन,
सदस्य सचिव

झारखण्ड राज्य प्रदूषणनियंत्रण पर्षद्

JHARKHAND STATE POLLUTION CONTROL BOARD

T.A Division Building (Ground Floor) HEC Campus, Dhurwa, Ranchi- 834004.

Phone No:-0651- 2400852, 2400851, Fax No:- 2400850.

विश्व पर्यावरण दिवस, 05 जून, 2016 के अवसर पर पुरस्कार हेतु आवेदन का आमंत्रण

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा **05 जून, 2016 को "विश्व पर्यावरण दिवस"** मनाने का निर्णय लिया गया है।

इस अवसर पर पर्यावरण जागरूकता/संरक्षण/प्रबंधन हेतु किये गये कार्यो के लिये झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा प्रोत्साहन हेतु औद्योगिक इकाइयों/ विद्यालयों/ चिकित्सा संस्थानों एवं व्यक्ति/स्वयंसेवी/गैर–सरकारी संस्थानों को पुरस्कृत किया जायेगा।

इसके लिये झारखंड राज्य में अवस्थित निम्नलिखित श्रेणी में आने वाले संस्थानों के लिये निर्धारित मानकों की विवरणी निम्नवत् है:–

क्रम संख्या	संस्थान	निर्धारित मानक
1	(क) औद्योगिक इकाईयाँ (वृहत्/ मध्यम एवं लघु इकाईयों के लिये अलग–अलग)	जल/वायु एवं ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण हेतु की गई व्यवस्था की जानकारी। पर्यावरण से संबंधित अधिनियमों/नियमों के अनुपालन की अद्यतन स्थिति।
	(ख) खनन परियोजना	(क) जल/वायु एवं ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण हेतु की गई व्यवस्था की जानकारी। (ख) भूमि उद्धार (Mine reclaimation)/हरित पट्टी (Green Belt) की अद्यतन स्थिति। (ग) खदान जल का प्रबंधन। (घ) पर्यावरण से संबंधित अधिनियमों/ नियमों के अनुपालन की अद्यतन स्थिति।
2	विद्यालय	(क) पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता के लिये किये गये कार्यों की जानकारी। (ख) विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण का कार्य, वर्षा जल संरक्षण, शौचालय की व्यवस्था, जल खपत एवं ऊर्जा खपत कम करने हेतु किये गये कार्य।
3	स्वास्थ्य केन्द्र/ अस्पताल/ ब्लड बैंक एवं स्वास्थ्य से संबंधित अन्य संस्थान	(क) जैव चिकित्सा अपशिष्ट का संग्रहण, हथालन एवं निस्तारण की व्यवस्था एवं इससे संबंधित पर्यावरण अधिनियमों/नियमों के अनुपालन की अद्यतन स्थिति (ख) पर्यावरण जागरूकता/वर्षा जल संरक्षण/इकाई परिसर की साफ–सफाई हेतु किये गये कार्य।
4	(क) व्यक्ति/ स्वंयसेवी संस्था/ गैर सरकारी संस्था	वृक्षारोपण/संगोष्ठी/प्रशिक्षण/पर्यावरण संरक्षण हेतु किये गये विशिष्ट कार्य/ आलेख/ कविता/ रचना/ सुझाव/ चित्रांकन इत्यादि।

उपर्युक्त विवरण से संबंधित आवेदन (सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी में) **दिनांक 25.05.2016** तक पर्षद् कार्यालय में प्राप्त किये जायेंगे। निर्णायक मंडल द्वारा चयनित प्रविष्टियों को पर्षद् की ओर से पुरस्कृत किया जायेगा।

पर्षद् मुख्यालय एवं इसके अधीनस्थ क्षेत्रीय कार्यालय से सम्पर्क कर इस संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। **दिनांक 25.05.2016 के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर पुरस्कार हेतु विचार नहीं किया जायेगा।**

सदस्य सचिव

झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्

12.05.2016